झारखण्ड सरकार

कार्यालय : वन प्रमंडल पदाधिकारी, सरायकेला वन प्रमंडल, सरायकेला।
जिला–सरायकेला–खरसावाँ।
e-mail-dfo-saraikela@gov.in; Telefax No.06597-234891(O)

जहाँ है हरियाली ।
वहाँ है खुशहाली ॥

पत्रांक : 35 / सरायकेला दिनांक : 06/1/19

सेवा में,

श्री राकेश कुमार,
मैनेजर कन्सट्रक्शन,
पाँचवा तल, नार्थ विंग, इस्टर्न ब्लॉक,
मेकन हेड ऑफिस कम्पलेक्स, डोरण्डा, रांची।

विषय :– **जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धामरा पाईप लाईन निर्माण हेतु सरायकेला वन प्रमंडल अन्तर्गत 7.5425 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव का दिनांक 06.01.2019 को स्थलीय जाँच के संबंध में।**

प्रसंग :– आपके प्रतिनिधि द्वारा दिनांक 04.01.2019 में दूरभाष पर दिये गये सूचना के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि विषयगत परियोजना के अन्तर्गत इस प्रमंडल के अन्तर्गत वनभूमि वाले मौजा 16 (सोलह) में पाईप लाईन निर्माण हेतु अपयोजन हेतु 7.5425 हे0 प्रस्तावित है, के बारे में अद्यतन स्थिति निम्न है :–

(1) दिनांक 04.01.2019 को आपके प्रतिनिधि द्वारा दूरभाष पर सूचित किया गया अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि के सीमाकंन एवं वृक्षों के गणना का कार्य जो अपूर्ण था, पूर्ण कर लिया गया है।

(2) दिनांक 05.01.2019 को वन क्षेत्र पदाधिकारी, चाण्डिल प्रक्षेत्र के द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया जिसमें चाण्डिल प्रक्षेत्र के मौजों में वनभूमि के प्रस्तावित अपयोजन क्षेत्र को सही पाया गया एवं पीलर के द्वारा सीमांकन तथा वृक्षों की गणना को भी सही पाया गया है।

(3) दिनांक 06.01.2019 को अधोहस्ताक्षरी, वन क्षेत्र पदाधिकारी, सरायकेला तथा प्रयोक्ता अभिकरण के प्रतिनिधि के साथ सरायकेला प्रक्षेत्र के अन्तर्गत अपयोजन होने वाले 11 (ग्यारह) मौजों के वनभूमि का संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया, जिसमें से ग्राम रेयरदा, रेगाडीह, शिवपुर, श्रीधरपुर एवं देवगाँव में कार्य पूर्ण पाया गया है। शेष 06 (छः) मौजों में वृक्षों का गणना का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है तथा सुधापुर ग्राम में वनभूमि का अस्थायी सीमांकन का कार्य भी पूर्ण रूप से नहीं किया गया है।

अतः दिनांक 06.01.2019 को संयुक्त स्थलीय जाँच के दौरान शेष 06 (छः) मौजों में पाई गए अपूर्ण कार्य को पूर्ण कर शीध्र अनुपालन प्रतिवेदन इस कार्यालय में समर्पित की जाय ताकि अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

सूचनार्थ समर्पित।

विश्वासभाजन

Aditya Narayan

वन प्रमंडल पदाधिकारी
सरायकेला वन प्रमंडल।
06/1/19